# विशेष छात्रों को व्हीलचेयर दी

## मुकूल माधव फाऊंडेशन

संवाददाता

**पुणे.** फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लि. की सीएसआर इकाई मुकुल माधव फाउंडेशन (एमएमएफ) ने रिचमन्ड यूनिवर्सिटी (लंदन) के साथ गठबंधन किया है. इनकी ओर से विशेष बच्चों के कल्याण कार्य के लिये सातारा जिले में सेरेब्रल पॉल्सी (सी.पी. या मस्तिष्क पक्षाघात) से ग्रस्त बच्चों को 314 व्हीलचेयर्स, 314 कमोड चेयर्स और 100 विशेष रूप से संशोधित कुर्सियां वितरित किए जाएंगे. इस दिशा में एक कदम उठाते हुए फाउंडेशन ने लाभार्थियों को उनके घरों पर 14 स्पेशल व्हीलचेयर्स और कमोड चेयर्स दिए. यह कार्य रिचमान्ड यूनिवर्सिटी, लंदन द्वारा जुटाई गई धनराशि की मदद से पूरा किया गया.

शेष सी.पी. चेयर्स, व्हीलचेयर्स और कमोड चेयर्स अगले एक वर्ष में सौंपे जायेंगे. इस परियोजना की अनुमानित लागत तकरीबन 61.07 लाख रुपए हैं. इस पहल के बारे में बताते हुए रितु छाबरिया, ट्रस्टी, एम.एम.एफ. ने कहा कि सातारा की जिला परिषद द्वारा एक सर्वेक्षण कराया गया था. इस सर्वे में सतारा जिला और आस-पास के क्षेत्रों में 314 बच्चों के सेरेब्रल पॉल्सी से ग्रस्त होने का पता चला. हमने पाया कि इन बच्चों को स्कूलों और घरों में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है. इसलिये एम.एम.एफ और फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज ने प्रत्येक चिन्हित बच्चे को एक व्हीलचेयर और एक कमोड चेयर दान कर इन बच्चों की मदद करने का फैसला किया.

कई बच्चे अभी भी शारीरिक असक्षमताओं के कारण स्कूल से बाहर हैं. सरकार ने हालांकि, इस समस्या का समाधान करने के लिये एजुकेशन फॉर डिसेबल्ड की शुरूआत की है, लेकिन अभी भी सेरेब्रल पाल्सी, विभिन्न अक्षमताओं, ऑर्थोपेडिकली हैंडीकैप्ड इत्यादि जैसी समस्याओं से ग्रस्त बच्चे स्कूल से बाहर हैं.